प्रेस समाचार

जनसंपर्क विभाग
अमेरिकी दूतावास

शांतिपथ, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली 110021 दूरभाष: 011-24198000 एक्सटेंशन: 8827 फैक्स: 011-24198817
ईमेल: mpl@pd.state.gov इंटरनेट वेबसाइट: http://usembassy.state.gov/delhi.html

6 दिसंबर, 2005

आईटीईआर में भारत की भागीदारी का अमेरिका ने समर्थन किया

नई दिल्ली -- अमेरिका ने मंगलवार को कई बिलियन डॉलर के इंटरनेशनल थर्मोन्यूक्लियर एक्सपेरीमेंटल रिएक्टर (आईटीईआर) परियोजना में शामिल होने के लिए भारत के आवेदन को मजबूती से समर्थन दिया है। अमेरिका और आईटीईआर के भागीदार - यूरोपियन यूनियन, रूस, जापान, दक्षिणी कोरिया और चीन - आईटीईआर की जेजू (दक्षिण कोरिया) मीटिंग में भारत को पूर्ण भागीदार के रूप में आमंत्रित करने के लिए सहमत हैं। अमेरिका के समर्थन से ही यह निर्णय लिया गया।

राष्ट्रपति बुश ने प्रधनमंत्री मनमोहन सिंह के साथ 18 जुलाई को जारी संयुक्त वक्तव्य में आईटीईआर में भारत को शामिल करने हेतु अन्य सदस्यों से विचार विमर्श करने का वचन दिया था।

आईटीईआर का निमंत्रण 18 जुलाई के वक्तव्य में राष्ट्रपति बुश की भारत और अमेरिका के बीच परमाणु क्षेत्र में सहयोग की कल्पना की ओर पहले स्पष्ट और ठोस कदम का प्रतीक है।

प्रमुख आईटीईआर परिसर कैडार्क, फ्रांस में बनाया जाएगा तथा सभी आईटीईआर सहभागी इसके निर्माण, विकास और अनुसंधान में सम्मिलित होंगे।

प्लाज्मा, फिजिक्स और ऊर्जा संयंत्रों के संलयन से भविष्य के विद्युत उत्पादन (plasma physics and future electricity-producing fusion power plants) के नवीनतम अध्ययनों के बीच आईटीईआर (जिसका उच्चारण है 'ईटर') एक प्रयोगात्मक कदम है। अधिक जानकारी के लिए कृपया ऊर्जा विभाग की आईटीईआर वेबसाइट: http://www.ofes.fusion.doe.gov/iter.html देखें।

***